## " मेरी माँ "

पाठ - १५ **My Mother** कक्षा - ३

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ हमारी माँ सुबह उठकर नाश्ता बनाती हैं।

उ.२ हमारी माँ शाम के समय हमें पढ़ती है। सोने के समय में कहानी सुनाती हैं।

उ.३ हमारी माँ हमें अच्छी - अच्छी बातें सिखाती हैं।

## " मेरा घर "

पाठ - १६ **My House**

**II. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ हमारी माँ हमको समय पर खाना बनाकर खिलाती हैं। तथा हमारी पढ़ाई का ध्यान करती हैं।

उ.२ हमारे घर में मेरे पिताजी, माताजी मैं और मेरी बहन रहते हैं।

उ.३ हमारे घर के आगे और पीछे फुलवारी हैं।

## " हमारी पाठशाला "

पाठ - १७ **My School**

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ हमारी पाठशाला में तीस कमरे हैं।

उ.२ हमारी पाठशाला में दसवी कक्षा तक पढ़ाते हैं।

उ.३ चार बजे के बाद हम मैदान में फुटबाल, वालीबाल, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट आदि खेलते हैं।

## " जल "

पाठ - १८ **Water**

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ मानव जीवन में जल का महत्वपूर्ण स्थान हैं।

उ.२ जल का बिना किसी का काम नही चल सकता से लेकर नहाने धोने और खेती के लिए आवश्यक है।

उ.३ जल में रहने वाले जन्तुओं को 'जलचर' कहते हैं।
खो-खो, क्रिकेट आदि खेलते हैं।

## " बिल्लीयों का झगड़ा "

**पाठ - २०** **Cat's Quarrel** **कक्षा - ३**

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ एक बार दो बिल्लीयाँ कही जा रही थी। तब उन्हें एक रोटी पड़ी हुई मिली ।

उ.२ दोनों बिल्लीयाँ पहले रोटी खाना चाहती थी। दोनों में झगड़ा शुरु हो गया । उनका झगड़ा सुनकर बंदर ने कहा - "तुम दोनों झगड़ा मत करो, मैं रोटी, दो बराबर हिस्सों में बाँट देता हूँ, तुम दोनो एक - एक हिस्सा खा लेना."

उ.३ आखिर बंदर ने रोटी को दो हिस्सो किये, लोकिन बंदर ने अडे के हिसाब में बंदर ने पूरी रोटी खा ली ।

## " फलों का राजा "

**पाठ -२२** **King of Fruits**

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ फलों का राजा आम हैं ।

उ.२ आम के फल कई प्रकार के होते हैं जैसे - बंगिनपल्ली, तोतापरी और सफेदा आदि होते हैं ।

उ.३ कच्चो आम से अचार और चटनी आदि बनाते हैं ।

## " सुरज "

**पाठ - २४** **The Sun**

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ सुरज प्रातःकाल के समय निकलता हैं ।

उ.२ सुरज का उजाला देखते ही पक्षी चहचहाना शुरु कर देते हैं ।

उ.३ सुरज निकलने पर मनुष्य अपने-अपने काम में लग कर उसे पुरा करते हैं ।

## " मूर्ख कछुआ "

**पाठ - २२** **Foolish Tortoise**

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ कछुआ और हंस तालाव में रहते थे ।

उ.२ तालाब सूखने लगा था। इस करण कछुआ दुःखी हो उठा ।

उ.३ हंस कहीं से एक डंडा लाए ।

उ.४ जब कछुआ ने शहर की सुन्दरता देखी तो उसकी प्रशंसा करने के लिए अपनी मुँह खोली ।

उ.५ मरते-मरते कछुए ने सोचा कि हंसो की वात नही मानने के करण मेरी ये दश हुई ।

# " महात्मा गाँधी "
# Mahatma Gandhi

पाठ - १२

---

1. प्रश्नों के उत्तर।

उ.१ गाँधीजी के जन्म स्थाल का नाम गुजरात के पोरबंदर हैं।

उ.२ भारत को आज़ाद करने में महात्म गाँधी का बड़ा योगदान रहा।

उ.३ गाँधीजी के हथियार अहिंसा और सत्याग्रह थे।

उ.४ भारत की जनता गाँधीजी को महात्मा (बापू) कहने लगी।

## “ प्रार्थना ”

## पाठ - १ Prayer कक्षा - ४

**I. कविता की पंक्तियाँ ।**

१. हमे नन्हें नन्हे प्यार बालक।
हम बात मुन्ने बच्चे हैं, पढते लिखते अच्छे हैं।
बनते बात के पक्के हैं, हम प्यार सबसे करते हैं।
न किसी को दुःख देते हम, करें हमेशा अच्छे काम।
करते ऊँचा देश का नाम, हम नन्हें नन्हें प्यारे बालक।
दिल के हम सब सच्चे हैं।

## पाठ - २ “ राण्ट्रीय पक्षी मोर ” National Bird

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ हमारा राण्ट्रीय पक्षी मोर हैं।

उ.२ मोर जंगलों, नदी के किनारे तथा जलाशयों के नजदीक निवास करते हैं।

उ.३ वषा ऋतु में बादलों को देखकर मोर नाचने लगता हैं।

उ.४ मोर साँप को पकड़कर मार डालता हैं। इसीलिए मोर को “ शिकारी पक्षी ” कहते हैं।

उ.५ मोर का नृत्य वहुत सुन्दर होता हैं। इसके नृत्य को मयुर नृत्य कहते हें।

## “ हमारा भारत ”

## पाठ - ३ Our India

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ हिमालय पर्वत हमारे देश की उतर दिशा में हैं।

उ.२ हमारे देश का झंडा तिरंगा हैं। केसरिया, सफेद और हरा रंग हैं। केसरिया त्याग का, सफेद रंग शंति का और हरा रंग सुख समुध्दि का चिह्न हैं।

झंडे के बीच में चक्र है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह सत्य अहिंसा, धर्मा और न्याय का चिह्न है। इसका सम्मान करना हर नागरिक का कर्त्तव्य है।

उ.३ (१) राण्ट्रीय झंडा (२) राण्ट्रीय भाषा (३)राण्ट्रीय संविधान

## “ बादल ”

## पाठ - ४ The Cloud

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ बादल उमड़ - धुमड़कर आते हैं।

उ.२ रिमझिम जल बादल बरसाते है।

उ.३ बिल्ली सोचती है कि बादल नीर कहाँ से लाते है।

उ.४ मेंढक के टर्राने से और दिन को रात बनाने से चमगादड़ धोखा खाते है।

उ.५ उल्लू दादा उडकर बादल पकडने की कोशिश करते है, और ठंड से ठिठुरते - सकुडते हुए बंदर को बादल सताते है।

## " उपकर "

## पाठ - ५ Favour

**I. प्रश्नो के उतर ।**

उ.१ हैदराबाद से तीस किलोमीटर की दूरी पर गाँव राजुकोंडा में गोपालक रहता था।

उ.२ कुएँ से उसकी रक्षा हाथी ने की।

उ.३ गोपालक यहाँ - वहाँ घूम - घूम कर बाँसुरी बजाता और जीवन बिताता था।

उ.४ इस कथा से शिक्षा मिलती है कि, उपकर का फल मीठा होता है।

## " डाकघर "

## पाठ - १० Post Office

**I. प्रश्नो के उतर ।**

उ.१ डाकघर जनता की सेवा करता है।

उ.२ कार्ड हमें डाकघर में मिलता है।

उ.३ पत्र को डाकपेटी मे डालना चाहिए।

उ.४ डाकघर में हमे कार्ड, पत्र, मिलते है। हम वहाँ से मनीआर्डर भी करवा सकते है। यहाँ हम पैसे जमा भी कर सकते है और आवशकता पड़ने पर वापस भी ले सकते है।

उ.५ डाकघर मे पत्रों पर मोहर लगाई जाती है।

## " भेडिया और सारस "

## पाठ - ११ The Wolf and Crane

**I. प्रश्नो के उतर ।**

उ.१ मुचिकुंदा नदी के किनारे जंगल में भेडिया रहता था।

उ.२ भेडिये की सहायता सारस ने की।

उ.३ सारस ने आपनी लम्बी चोंच भेडिये कै मुँह के अंदर डालकर उसके गले से हड्डी को निकाला।

उ.४ भेडिये ने सारस का धन्यवाद तक न किया, बल्कि उसे झपकर खाना चाहा। सारस ने किसी तरह अपनी जान छुड़ा कर उड़ गया।

## " लालबहादुर शास्त्री "

## पाठ - १३ Lal Bahadur Shastry

**I. प्रश्नो के उतर ।**

उ.१ लालबहादुर शास्त्री का जन्म मुगलसराय में हुआ था।

उ.२ लालबहादुर के पिता शारद प्रसाद श्रीवास्तव थे और माता सामदुलारी थी।

उ.३ मेला देखने के लिए नदी पार करनी पड़ती थी । उनके सब मित्र नाव में बैठकर मेला देखकर वापस आगये । इनके पास पैसे नही थे । इस लिए वे नदी तैर कर मेला देखकर वापास आए ।

उ.४ १. बालक लालबहादुर का जन्म मुगलसराय में हुआ ।इनक बचपन का नाम नन्हा था ।

२. जब ये डेढ वर्ष के थे तब उनके पिता का स्वर्गवास हो गया था ।

३. लालबहादुर बचपन से ही बड़े स्वावलम्बी थे । अपने जूते और कपड़े वे स्वयं सी लिया करते थे ।

४. परीक्षा के समय अगर नदी में बाढ़ आजाती, तो सिर पर बस्ता रखकर, तैर कर नदी पार किया करते थे ।

५. लालबहादुर पढ़ाई में बहुत अच्छे थे । साहस, धैर्य व बहदुरी के साथ उन्होने अपनी लगन का परिचय दिया ।

इन्ही गुणों के कारण वे देश के महान नेता और प्रधानमंत्री बने थे ।

## पाठ - १६ " देखों और जानो " Look and Learn

I. प्रश्नो के उत्तर ।

उ.१ हिरण की आँखें बहुत बड़ी होती है ।

उ.२ कंगारू के हाथ छोटे, पैर खूब बड़े और पूँछ लम्बी,मोटी और मजबूत होती है ।

उ.३ जिराफ़ की गर्दन बहुत लम्बी होती है । जिससे यह पेड़ो के पत्तो को सीधे खा सकता है ।

उ.४ शुतुरमुर्ग आफ्रिका के जंगलो और रेगिस्तानों में पाया जाता है ।

उ.५ बंदर बडे शौक से मूंगफली खाते है ।

## पाठ - १७ " मित्रता " Friendship

I. प्रश्नो के उत्तर ।

उ.१ नदी के किनारे जंगल में एक शिकारी ने जाल बिछाया और जाल के चारों ओर चावल बिखेर दिए ।

उ.२ कबूतर दल के नेता का नाम चित्रग्रीव था ।

उ.३ चावलों को चुगने के लालच में कबूतर जाल में फँस गए । तब सभी लालची कबूतरों को भला - बुरा कहने लगे । चित्रग्रीव ने

कबूतरों को समझाते हुए कहा कि मौका मिलते ही हम सब जाल के साथ उड़ चलेगें । शिकारी खाना खाने लगा उसी समय सभी कबूतर जाल लेकर चित्रग्रीव के मित्र हिरण्यक नामक चूहे के पास नदी के किनारे बिल के पास पहुँचे चित्रग्रीव ने हिरण्यक को पुकारा तो वह अपने बिल से बाहर आया और उसने जाल को काटकर कबूतरो को आजाद कर दिया ।

## पाठ - १९ " चालक लोमडी " The Cleaver Fox

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ कौए की चोंच में एक रोटी का टुकड़ा था।

उ.२ लोमड़ी ने कौए से कहा - "कौआ भाई आपकी बोली बडी मीटी है। आपका गाना सुने बहुत दिन हो गए । आज आप अपना गाना सुनाकर मुझे खुश कीजिए ।"

उ.३ कौआ अपनी तारीफ सुनकर खुश हो गया और काँव - काँव करने लगा ! चोंच खोलते ही रोटी गिर गयी ।

## पाठ - ६ " हाथी " Elephant

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ भारत में सबसे अधिक हाथी केरल के वनों में पाये जाते हैं ।

उ.२ हाथी एक चतुर जानवर है। वह हमारी बातों को समझता और हमारे बताने से काम भी करता है।

उ.३ हाथी अपना सब काम अपनी सूँड़ से करता है।

उ.४ हाथी अपनी सूँड़ मे पानी भर कर नहाता है ।

उ.५ हाथी घास और हरे पत्ते खाता है ।

उ.६ हाथी ईख (गन्ना) को चाव से खाता है ।

## पाठ - १८ " नेताजी सुभाषचंद्र बोस " Netaji Subhash Chandra Bose

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जन्म २३ जनवरी, १८९७ को उड़ीसा के कटक नामक नगर में हुआ था । इनकी माता प्रभावती जो कोलकत्ता के दत्त परिवार की धार्मिक स्वभाव की महिला थी । पिता रायबहादुर जानकीदास बोस एक वकील के रूप में प्रसिध्द थे । सुभाष अपनी माता - पिता की नौवी संतान थे । यह बड़े चंचल और साहसी थे । वह अध्ययनशील, विचारशील, मेधावी छात्र थे । हृदय से कोमल थे । गरीवों के लिए उनके मन में सेवा भाव था । इनकी प्रारंभिक शिक्षा बैपिटिस्ट मिशन स्कूल में हुई और बाद में भारतीय सभ्यता और संस्कृति से संबंधित दूसरे विध्यालय में इनकी पढ़ाई हुई । यही से सुभाष ने अंग्रेजों के खिलाफ खुलकर विरोध करना शुरू किया ।

उ.२ एक बार खुदीराम बोस का प्रथाम ११अगस्त सुन१९१० को था । इस अवसर पर बालक सुभाष ने अपने मित्रों को इकट्ठा किया और एक दिन का उपवास करने को कहा । जैसे ही इस घटना का पता ब्रिटिश सरकार को लगा तो उन्हो उस विधालय के प्रधानाचार्य का तबादाला कर दिया । इस का असर सुभाप पर गहरा पड़ा । वह अंग्रेजों से नफरत करते थे । एक बार एक अंग्रजी विधार्थी को एक भारतीया छात्र को बुरी तरह से डांटते हुए कहा कि 'यू इंडियन डॉग' तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई मेरी किताब छूने की" । इस बात ने सुभाप को बुरी तरह प्रभावित किया । इसका परिनाम यह हुआ कि सुभाप मे उस बालक की खूब पिटाई की तथा उसे चेता भी दिया कि अगर आगे से किसी भी भारतीय बालक के साथ अपमानजनक व्यवहार किया तो भयंकर सजा भोगनी पड़ेगी ।

## पाठ - २१ " समुद्र के प्राणी " Sea Animals

**I. प्रश्नो के उतर ।**

उ.१ समुद्र धरती से तिगुना बडा है । इसकी गहराई बहुत ज्यादा है । कही-कही उसकी गहराई दस किलोमीटर से भी अधिक है ।

उ.२ समुद्र मे रहनेवाली मछलियाँ कई रंगों की होती है । जैसे गुलाबी, लाल, भूरी, काली आदि ।

उ.३ समुद्र के बडे जीव में शार्क,व्हेल, डालफिन और समुद्री घोडा भी है ।

उ.४ मगर का मुँह लम्बा और दाँत आरे के समान होते है ।

## पाठ - २२ " कमला की गुडिया " Kamala's Doll

**I. प्रश्नो के उतर ।**

उ.१ कमला ने मीरा से कहा कि - मेरी गुड़िया अब बड़ी हो गई है । उसकी अब शादी करनी चाहिए ।

उ.२ मीरा ने गुड़िया के लिए सलवार और एक ऊनी शाल बनायी ।

उ.३ गुड़िया की शादी के लिए उसे नये कपड़े पहनाए गये ।

## पाठ - २४ " झूला झूलो " Swing

**I. प्रश्नो के उतर ।**

उ.१ मदन के घर के पास नीम का पेड़ था ।

उ.२ मदन के पिताजी ने पेड़ पर झूसा डाल दिया ।

उ.३ कमला सलमा के घर गई और उसे बुला लाई ।

उ.४ बाद में मीरा ने गाना गाया ।

उ.५ सभी ने मिलकर झूला झूलो और मिलकर गीत गाया ।

## “श्रीमता प्रतिभा पाटिल ”
## “भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति ”
## The First Lady President of India - Pratibha Patil

पाठ - २ कक्षा - ५

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ प्रतिभा पाटिल का पूरा नाम “श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल” है ।

उ.२ प्रतिभा पाटिल का जन्म नारायणराव पाटिल के घर महाराष्ट्र के नंदीगाँव में हुआ ।

उ.३ १९ जुलाई सन २००७ ई.में को प्रतिभा पाटिल ने अपने विपक्ष के नेता भैरवसिंह शेखावत को तीन लाख वोटों से हारा कर राष्ट्रपति बनी ।

उ.४ राजस्थान की पहली महिला गवर्नर श्रीमती प्रतिभा पाटिल थी ।

## “ हमारे त्योहार ”
## पाठ - ३ Our Festivals

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ दीपावाली अश्वन अमावास्या के दिन मनायी जाती है ।

उ.२ दीपावाली का अर्थ है - “दीपो की आवली” यानी “दीपों की पंक्ति ” ।

उ.३ लोग अपने - अपने घरों की सफाई करके लिपाई - पुताई करते है । शाम को लक्ष्मी पूजा करते है । घर और वाहर दीप जलाते है । रात को आतिशबाजी होती है । सब नये कपड़े पहनते है और पकवान, मिठाई खाते है तथा दीवाली की शुभकामनाएँ एक दुसरों को देते है ।

उ.४ पुराणों के अनुसार महिषासुर के अत्याचारों से त्रिलोक काँपने लगा । तब लोगों ने मिलकर महाशक्ति की पूजा की । उनके पूजा से खुश होकर वह अवतारित हुई । उन्होने शुंभ - निशुंभं महिषासुर जैसे राक्षसों का अंत किया । संसार में सुख शांति छा गई । इसी खुशी में चैत्र मास और अश्विन मास में नवमी के दिन दुर्गा-अष्टमी, विजय दशमी और श्रीराम नवमी मनाई जाती है ।

उ.५ संक्रांति को दक्षिष भारत के लोग पांगल कहते है ।

उ. ६ संक्रांति हर साल जनवरी में १३,१४ तारीख को मनाया जाता है।

## “ तेनालि रामकृष्ण ”
## पाठ - ४ Tenali Ramakrishna

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ विजयनगर राज्य में चूहों की समस्या दूर करने के लिए राजा कृष्णदेवराय ने सबको एक - एक बिल्ली पालने के लिए दी । साथ ही एक - एक सेर दूध भी राज्य तरफ से बिल्ली को पालने के लिए दिया गया ।

उ.२ रामकृष्ण की विल्ली वहुत कमजोर थी। पूछने पर पता चला कि विल्ली दूध नही पीती। इस पर राजा को शक हुआ। उन्होने दूध मँगवाकर विल्ली को पीलाना चाहा। परन्तु बिल ली दूध देखकर भागने लगी। जब विल्ली को पकडकर देखा गया तो उसका मुँह जला हुआ था। यह देखकर राजा को गुस्सा आ गया।

उ.३ रामकृष्ण ने राजा को समझाया कि - राजन राज्य में लोगों को खाने के लिए भोजन नही, पहनने को कपड़ा नही, रहने को घर नही। ऐसे में विल्लीयों को पालने के लिए एक - एक सेर दूध देना कहाँ तक ठीक हे।

---

## पाठ - ५ " नारायण मूर्ति " Narayan Murthy

**I. प्रश्नो के उत्तर।**

उ.१ इनफोसिस जैसी विश्व स्तरीय कंपनी के संस्थापक एन. आर. नारायण मूर्ति है।

उ.२ एन.आर. नारायण मूर्ति की "जीवन शैली" सहज और स्वभाव सरल है। वे हर दिन ९२ घंटे मेहनत करते है। वे काम के प्रति इतने समर्पित है कि वे पार्टियों में नही जाते हैं, न ही टी.वी देखते हैं। वे कर्मचारियों के साथ कैंटीन में ही भोजन करते हैं।

उ.३ जब इनफोसिस को अनमेरिका शेयर बाजार मेंस्डेण में दर्ज किया जा रहा था, तो निवेश वैंकरों ने उन्हे हर शेयर का मूल्य ३६ डालर रखने की सलाह दी। रखना चाहते हैं, ताकि निवेशकों को हर शेयर पर दो डालर का लाभ हो सकें।

उ.४ नारायण मूर्ति की व्यक्तिगत संपत्ति ४,००० करोंड़ से अधिक है।

---

## पाठ - ६ " हमारी पाठशाला " The Clock

**I. प्रश्नो के उत्तर।**

उ.१ घड़ी हमें समय की पावन्दी के साथ समय पर काम करना सिखाती है।

उ.२ घंटाघर पर चढ़कर घड़ी हर घंटी से समय जताकर समय का मूल्य बताती है।

---

## पाठ - ७ " एलपीजी और प्रेशर कुकर " LPG and Pressure

**I. प्रश्नो के उत्तर।**

उ.१ क्रूड यानी कच्चे पेट्रोलियम से ही हमे एलपीजी प्राप्त होती है।

उ.२ पेट्रोलियम गैस में व्यूटेन नामक हाइड्रोकार्बन गैस होती है। इस गैसीय मिश्रण मे इथेल, प्रोपोन आदि मौजूद होते है।

उ.३ प्रेशर कुकर का आविष्कर्ता डेनिस पोपिन है। इन्होने प्रेशर कुकर में पकाने से ईधन और समय की बचत को बताय डैजेस्टर में पका

कर उन्होने इन डड़िडयों को एक मुलायम जेली में बदल दिया । इसका प्रदशीन उन्होने लंदन की रायल सोसाइटी के वैज्ञानिकों के सामने किया ।

उ.५ साधारण वायुमंडलीय दाब पर पानी १०० डिग्री सेल्सियल तापमान पर उवलता है । इस तापमान को पानी का ''बायलिंग पाइंट'' कहते है। पर दाब बढ़ा देने से पानी खोलने पर तापमान या ''बायलिंग पाइंट'' बद जाता है जिससे पानी १०० डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर उबलता है । प्रेशर कुकर में इसी सिध्दंात का इस्तेमाल किया जाता है । इससे पकाए भोजन को अधिक उब्मा मिलती है । जिससे खाना जल्दी बनता और इसका स्वाद भी वढ़ जाता है ।

उ.६ साधारण वायुमंडलीय दाब पर पानी को १०० डिग्री सेल्यिस तापमान पर उवलना ही पानी का ''बायलिंग पाइंट''कहते है ।

## पाठ - ८ “ जादूगर की लकड़ी ” Magic Stick

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ धनी व्यापारी ने वीरवल के पास जाकर कहा कि - ''हुजूर। मेरे रूपयों की थैली चोरी हो गई है । उसमें मेरी सारी पूँजी थी । कृपया चोर को पकड़ने में मेरी सहायता कीजिए ।''

उ.२ बीरबल ने नौकसें से कहा ''देखों चोर का पता लगाने के लिए ये लकड़ियाँ मुझें क जादूगर ने दी हैं । इनमे से किसी लकड़ी को चोर छू ले तो वह रातों-रात एक इंच वढ़ जाएगी ।''

उ.३ बीरबल ने सभी नौकरों को एक-एक लकड़ी देकर रात वे अलग-अलग कोठरियाँ में रखा । दिन निकलने पर उन को बीरवल के सामने लाया गया । बीरबल ने उन ओर देखा और सब की लकड़ियों को नापने का आदेश दिया । तभी सिपाही ने वताया कि एक लकड़ी एक इंच छोटी है । इस तरह बीरबल ने सही चोर का पता लगाया ।

## पाठ - ९ “ गंदगी का डर” Fear of Dirtyness

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ दो वृक्षों के नीचे जानंवर जैसे - शेर, बाघ, तेंदुआ, चीता आदि हिंसक पशुओ ने अपना अड़्डा वना लिया और प्राणियों को शिकार करके उसे घसीट कर लाते और इन वृक्षों के नीचे वैठ कर खाते । खाने के बाद ने हड़िडयों आदि वही पड़ रहने दे ते ।

उ.२ दो वृक्षों में एक वृक्ष ने दुर्गंध से वचने के लिए वहाँ से जानवरों को कैसे भगाया जाए । तब उसने कहा ड्रक ''मुझे मनुष्यों का कोई डर नही है । डर तो इस गंदगी का है । जिसके कारण हमारा हराम हो गया है ।

उ.३ दूसरे पेड़ ने पहले पेड़ को समझाया कि - "इन भयंकर पशुओं के कारण ही मनुष्य यहाँ तक नही पहुँच सकते । इसलिए हम अभी तक बचे हुए है । यदि ये पशु यहाँ से चले गए तो दुसरे दिन ही मुनष्य हमें काट डालेंगे ।"

उ.४ गंदगी के कारण हमारा जीवन दूभर हो जाता है । सांस लेना भी मुशिकील हो जाता है ।

उ.५ बिना सोचे काम करने से स्वयं को हानि होती है ।

---

## पाठ - १० " वाल्ट डिसनी " Walt Disney

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ 'डिसनीलैंड' के संस्थापक का नाम "वाल्ट डिसनी" है ।

उ.२ जब वाल्ट डिसनी ने कैलिफोर्निया में डिसनीलैंड बनाने का फैसला किया तो बोर्ड आफ डायरेक्टरेट ने पैसा देने मना कर दिया । उनके भाई ने उन्हे पागल कहा । एक्सपर्टो ने इस काम को मुर्खतापूर्ण कल्पना कहा तब डिसनी ने अपना घर तथा जीवन की बीमा पालि बेच कर डिसनीलैंड बनाने में सफल हुए, क्यों कि उन्होंने खुद पर और अपने सपने पर भरोसा था ।

उ.३ वाल्ट डिसनी के पहला सफल कार्टून फिल्म "ओसवाल्ड द रैबिट" है ।

उ.४ इस प्रश न के उत्तर के लिए बच्चे इनका चित्र इकट्ठा करे तथा उनके बारे में अपने विचार लिखीए ।

---

## पाठ - ११ " मुर्ख गधा " Foolish Donkey

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ गधा कभी जंगल में और कभी किसी के खेत में जाकर पेट चरता था ।

उ.२ गधे की मुलाकात एक सियार से हुई ।

उ.३ पेट भर खाने के बाद गधे ने सियार से कहा - प्यारे दोस्त जी चाहता कि एक गाना सुनाऊँ? क्या तुम्हे सुनना पसंद है।"

उ.४ गधे को सियार ने समझाया कि - "हम दोनों चोरी के में लगे हुए हैं । तुम्हारा गाना सुनकर खेत का मालिक आ जाएगा और हम दोनों की पिटाई कर देगा ।"

उ. ५ गधे की आवाज सुनकर खेत का मालिक दौड़कर आया और खेत की हालत देखकर गुस्से में डंडे से पीट-पीटकर गधे को बेहोश कर दिया ।

## पाठ - १४ " चींटियों की एकता " Unity of Ants

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ जंगल में नाग चिड़ियों के अंडों, छिपकलियों, चूहों, मेंढकों, खरगोंशों एवं छोटे - छोटे जानवरों को खाकर दिन भर सुस्त पडा रहता था ।

उ.२ छोटे - छोटे जीवों को खाकर कुछ दिनें में ही वह काफी लम्बा मोटा हो गया । उसका घमंड भी बहुत बढ़ गया । उसने सोचा कि मैं जंगल में सबसे ज्यादा शक्तिशाली "मैं जंगल का राजा हूँ । मुझे अपनी प्रतिष्ठा और आकार के अनुकूल किसी बड़े स्थान पर रहना चाहिए ।

उ.३ नाग ने जब अपनी पूछँ से चींटियों के बिल को तोड़ा तब हजारों चींटियाँ बिल से बाहर आकर उसके शरीर पर चढ़ गई और उसे काटने लगी । इससे छुटकारा पाने के लिए नाग बहुत देर तक संघर्ष करता रहा। पर बाद में मर गया ।" इस तरह अपनी एकता से चींटियों ने नाग को शिक्षा दी ।"

## पाठ - १५ "कहानी सिक्कों की " Story of Coins

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ प्राचीनकाल में लोगों के पास पैसे नही होते थे । तब वह लोग चींजे देकर दूसरी चींजे खरीदते थे ।



उ.२ आजकल लोग पैसे देकर चीजें खरीदते हैं ।

उ.३ पहले सिक्के सोना, चाँदी, ताँबा आदि धातुओं से बनते थे ।

उ.४ आजकल सिक्के निकल धातु से बनते है ।

उ.५ सिक्कों को टंकशाल में सरकार ध्दारा ही बनाया जाता है ।

## पाठ - १६ " स्वामी विकिानंद " Swamy Vivekananda

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ स्वामी विवेकानंद का जन्म १२ दनवरी १८६३ ई.में कोलकत्ता में हुआ ।

उ.२ स्वामी विवेकानंद का वचपन का नाम नरेन्द्रनाथ दत्त था ।

उ.३ नरेन्द्र बचपन में नटखट और शराती थे । वडे साहसी थे । किसी से डरते नही थे । वे नौकरों को परेशान कर डालते थे । खेलने में वे सबसे आगे थे ।

उ.४ बचपन में एक बार नरेन्द्र अपने मित्रों के साथ एक पेड़ पर खेल रहे थे । पेड़ की डाली पकड़कर वे झूलरे थे । तभी पेड़ का मालिक आ गया । वह डर गया कही नरेन्द्र नीचे न गिर जाए । इसी कारण उसने नरेन्द्र से नीचे उतरने के लिए कहा । इस पेड़ पर भूत है जो बच्चों को नीचे गिरा देता है । वच्चे भूत का नाम

सुनकर डरकर भाग गये । नरेन्द्र ने उन्हे बुलाकर कहा कि ये हमे डराने के लिए ऐसा कहते है । यहाँ कोई भूत नही है ।

उ.५ उनके पिता वकील थे । आने - जाने वालों के लिए दो हुक के घर पर रखे थे । नरेन्द्र ने यह देखकर अपनी माँ से कहा कि जव एक हुक्के से काम चल सकता है तो दो हुक्के क्यों रखे है । तब माँ ने समझाया कि एक ऊँची जाति के और एक छोटी जाति के लोगों के लिए है । यह सुनकर उनसे रहा नही गया और उन्होने निम्न जाति वाले के हुक के को उठाकर देखना चहा  कि इसमे क्या वात है । वह दोनों हुक को में अंतर प्रता लगाना चाहते थे ।

## " इंटरनेट और कंप्यूटर "

## पाठ - १७ Internet and the Computer

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ आजकल कंप्यूटर का प्रयोग विध्यालयों, कार्यालयों, वैंकों, रेल्वे स्टेशनों, हवाई अड्डों, घरों आदि सभी जगह और हर क्षेत्र में किया जा रहा है । शिक्षा के क्षेत्र में पहली कक्षा से बारहवी कक्षा तक अनेक विषयों की कंप्यूटर के माध्यम से  जानकारी दी जा रही है ।

उ.२ कंप्यूटर मे इन्टरनेट की सुविधा होती है । इसमें ब्रउसिंग करने से सब कुछ आँखो के सामने आ जाता है । इसमे लाखों वेबसाइट मिलती वेबसाइट मिलते है । देश विदेश के समाचार, फिल्में संगीत, मौसम, होटल, टिकट बुकिंग आदि घर वैटे इंटरनेट के माध्यम से कर सकते है ।

उ.३ इंटरनेट से हम 'ई-मेल' भेज सकते है ।

उ.४ इस प्रश न के उत्तर के लिए बच्चों को अपने विचार यहाँ पर लिखवायें ।

## " संत कबीरदास "

## पाठ - १८ Sant Kabeerdas

**I. प्रश्नो के उत्तर ।**

उ.१ कबीर का जन्म सन १३९९ ई. में हुआ ।

उ.२ कबीर दास का पालन - पोषण नीरू और नीमा नामक मुसलमान दंपति ने किया ।

उ.३ कबीर के गुरू का नाम शेख ताखी है तो कुछ विद्वान रामानंद जी को कबीर के गुरू बताते है ।

उ.४ "बीजक" के तीन भाग है । वे रमैनी, सबद और साखी है ।

उ.५ कबीर ने तीर्थ, पूजा, व्रत, नमाज, रोजा, मूर्ति पूजा आदि का खंडन किया हैं ।